प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन आज कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस जारी है। आज हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी निजी स्कूलों की फीस संरचना समान करने की मांग की। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि निजी विद्यालयों की फीस संरचना उनके प्रबंधन द्वारा तय की जाती है, लेकिन शिकायतों के समाधान के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर की कमेटियों को सक्रिय किया जाएगा और फीस में गड़बड़ी करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

******************

झारखंड पुलिस ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर अलर्ट है। इसके तहत डीजीपी अनुराग गुप्ता कल सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, जुलूस मार्गों की निगरानी, और दंगा रोधी उपायों पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा, अवैध मादक पदार्थों की छापेमारी, सुरक्षा बलों की व्यवस्था और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं पर भी चर्चा होगी। सभी जिलों को तैयार रहने और सुरक्षा योजनाओं को कड़ा करने का निर्देश दिया गया है।

******************

मेक इन इंडिया पहल के शुभारंभ के बाद से 2023–24 में भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन अब रिकॉर्ड एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एक रिपोर्ट–

******************

सिमडेगा जिले के बोलबा थाना भवन परिसर में मधुमक्खियों के हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का इलाज बोलबा स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

साहिबगंज जिले में पहाड़िया जनजाति के बच्चों की रहस्यमयी मौतों से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। पिछले 10 दिनों में पांच बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने जांच की पुष्टि की और कहा कि इसके कारणों की जांच की जा रही है, उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है।

******************

चतरा पुलिस ने अंकित गुप्ता हत्याकांड का खुलासा करते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मास्टरमाइंड सुशांत कुमार साव भी शामिल है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए हुए हथियार भी बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, ऋत्विक श्रीवास्तव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हत्या पुराने विवाद के कारण की गई थी और मामले में पूछताछ और जांच जारी है।

झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आसमान साफ रहेगा। आने वाले दिनों में भी मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

******************

खूंटी जिले के खिलाड़ी हॉकी, तीरंदाजी के बाद अब बॉक्सिंग में भी अपना परचम लहराने लगे हैं। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

******************

झारखंड की महिला टीम ने तमिलनाडु में आयोजित 13वीं सीनियर नेशनल पारा वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा को हराकर रजत पदक हासिल किया। टीम के कोच मुकेश कंचन ने टीम की शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

*******समाप्त*******